Title Need to Declare Coastal Highway between Dwaraka and Somnath in Gujarat as National Highway.

श्री जी.जे.जावीया (पोरबंदर) : सभापति महोदय, गुजरात के मेरे पोरबंदर क्षेत्र के द्वारका से सोमनाथ तक कोस्टल हाईवे को नेशनल हाईवे कर दिया जाये। यह रोड खराब हालत में है।

यह रोड पोरबंदर-मांगरोल से होकर ही जायेगा। इससे रोड का अंतर बहुत कम हो जायेगा। यहां दाण चोरी बहुत होती है। कोस्टल हाईवे की वजह से आर. डी एक्स बड़े पैमाने पर आता है।

इसको नेशनल हाईवे बना दिया जाये तो संरक्षण की दृटि से भी महत्व का है क्योंकि देश पर दुश्मन एवं पाकिस्तान की दृटि मंडरा रही है, स्थिति भंयकर है। इसको ध्यान में रख कर कोस्टल हाईवे को नेशनल हाईवे करना बहुत जरूरी एवं उपयोगी है।

यह मेरी एवं गुजरात के अन्य सांसदों, विभिन्न संस्थाओं तथा गुजरात सरकार की भी मांग है। अत: केन्द्र से यह अनुरोध है कि यह मांग तुरंत पूरी कर दी जाये।